कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

::कार्यालय आदेश::

श्रीमती साधना सिंह ओसवाल, व्याख्याता गृह विज्ञान पदस्थापन विद्यालय राबाउमावि, मण्डावरी, लालसोट, दौसा द्वारा दायर याचिका संख्या 8948/2020 श्रीमती साधना सिंह ओसवाल बनाम राजस्थान सरकार व अन्य में माननीय राजस्थान उच्च न्यायलय, जोधपुर ने आपने निर्णय दिनांक 16.09.2020 में याचिकार्थिया को प्रत्यर्थी विभाग में सक्षम अधिकारी के समक्ष एक अभ्यावेदन पेश करते हुए और अभ्यावेदन पेश किये जाने की स्थिति में इसे विधिनुसार एक सकारण आख्यात्मक आदेश (REASONED SPEAKING ORDER) द्वारा निस्तारित किये जाने संबंधी आदेश दिए।

माननीय राजस्थान उच्च न्यायलय, जोधपुर के निर्णय के क्रम में श्रीमती साधना सिंह ओसवाल द्वारा स्वयं के पति के भरतपुर जिले में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत होने, दो छोटे बच्चों एवं वृद्ध सास सुसर की देखभाल की जिम्मेदारी होने के आधार पर भरतपुर में गृह विज्ञान के रिक्त पद पर पदस्थापन करने हेतु अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया।

याचिकार्थिया से प्राप्त संबंधित अभिलेखों का राज्य सरकार और विभाग के दिशा निर्देशों/परिपत्रों और नियमों के परिप्रेक्ष्य में परीक्षण कर उनकी मांग पर विचार किया गया। याचिकार्थिया द्वारा धारित व्याख्याता का पद राज्य सेवा के राजपत्रित स्तर का पद है, और नियोक्ता द्वारा उन्हें छात्र हित/राज्य हित अथवा प्रशासनिक कारणों से राज्य में कहीं पर भी पदस्थापन/स्थानान्तरण किया जा सकता है।

उपर्युक्त परिस्थितियों को मद्देनजर रखते हुए याचिकार्थिया द्वारा की गई मांग नियमानुकूल नहीं होने के कारण इनका अभ्यावेदन एतद्द्वारा खारिज किया जाकर निस्तारित किया जाता है।

सभी संबंधित पक्षकार सूचित होवे।

(सौरभ स्वामी)
IAS
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/सी–4/रजीगृ/अभ्यावेदन/साधना सिंह/को.के/2020–21 दिनांकः– 28/10/2020

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग जयपुर।
2. संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा।
3. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) स्कूल शिक्षा।
4. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा, सवाईमाधोपुर।
5. विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा।
6. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
7. संबंधित प्राधानाचार्य।
8. कार्मिक साधना सिंह ओसवाल, व्या0 गृह विज्ञान राबाउमावि, मण्डावरी, लालसोट, दौसा।
9. गार्ड पंजिका।

संयुक्त–निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर